# हेवी इलेक्ट्रिकल प्लांट,भोपाल

## प्रचार एवं जनसंपर्क विभाग

दिनांक: 05/03/2024






# आज की समाचार कतरनें

| S no. | Publication | Subject | Page no. |
|---|---|---|---|
| 01 | Raj Express | Safety Oath related news | 02 |
| 02 | Pioneer | Safety Oath related news | 03 |
| 03 | Patrika | TAD related news | 04 |

| Publication Date- | 05.03.2024 | **Raj Express** |
|---|---|---|
| Page no.- | 06 | |
| Journalist- | Bhopal Bureau | |

# बीएचईएल के ईडी ने दिलाई सुरक्षा की शपथ

## कारखाने के ज्वलनशील भंडार में मॉकड्रिल का आयोजन



भेल। बीएचईएल के प्रशासनिक भवन में सोमवार को एक कार्यक्रम में भेल के ईडी एसएम रामनाथन ने सभी महाप्रबंधकों, डीआरओ एवं उपस्थित कर्मचारियों को सुरक्षित कार्य करने की अपील के साथ सुरक्षा-शपथ दिलाई। इस अवसर पर कर्मचारियों के लिए एक सुरक्षा संदेश भी जारी किया गया। कार्यक्रम में रामनाथन ने कहा कि हमें अपने कार्यस्थल के आसपास की आपातकालीन परिस्थितियों के प्रति जागरूक एवं सचेत रहना चाहिए। बीएचईएल भोपाल में ईएसजी उत्कृष्टता के लिए सुरक्षा नेतृत्व पर ध्यान दें की थीम के साथ 53वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया। इसी के साथ ही बीएचईएल भोपाल में 4 मार्च से 17 मार्च तक चलने वाले सुरक्षा पखवाड़े का शुभारंभ हुआ। इसके तहत सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति कर्मचारियों की प्रतिबद्धता को जागरूक करने हेतु पूरे कारखाने में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस श्रृंखला में सभी कर्मचारियों को जागृत करने हेतु सभी विनिर्माण ब्लॉकों में उत्पादों के विभाग-प्रमुखों द्वारा शॉप-फ्लोर पर भी सभी कर्मचारियों व अधिकारियों को सुरक्षा-शपथ दिलाई गई।

| Publication Date- | 05.03.2024 | **Pioneer** |
|---|---|---|
| Page no.- | 03 | |
| Journalist- | Bhopal Bureau | |

# BHEL Bhopal ED administers oath of safety to all GMs, DROs

STAFF REPORTER ■ BHOPAL

In a simple program organized at the administrative building of BHEL, Bhopal SM Ramanathan, Executive Director administered the "Safety Oath" to all the General Managers and DROs and employees present with an appeal to work safely. A "Safety Message" was also issued to the employees on this occasion.

On this occasion, Ramanathan said that we should be aware and alert about the emergency situations around our workplace. He also said that by imbibing the feeling of safety, the reflection of "safe behaviour" should be reflected in every work of ours.

The 53rd National Safety Day was celebrated with the theme "Safety Leadership for ESG Excellence"". Safety Fortnight started in BHEL Bhopal from 4th March and will conclude on 17th March. Under the fortnight, various programs will be organized in the entire factory to rekindle the commitment of the employees towards safety and health.

In order to awaken all the employees, product heads in all the manufacturing blocks of BHEL Bhopal administered "Safety Oath" to all the employees and officers on the shop floor. Among other events, a "Mock Drill" was conducted in the flammable warehouse of the factory to review the emergency preparedness and various personal protective equipment equipped with state-of-the-art technology was demonstrated in the HSE conference room by reputed suppliers to provide information on their use.

"Safety Talks", "Safety Flex" at all entry points, "Safety Inspection", "Safety Training", "Fire Training", "Safety Walk" with Central Safety Committee members for safety awareness will be carried out throughout the fortnight in the factory. "Safety-Talk" and "Mock Drill" will also be organized to review disaster preparedness. Along with this, awards like "Best Safe Department" and "Best Security Officer" will also be given.

| Publication Date- | 05.03.2024 | **Patrika** |
|---|---|---|
| Page no.- | 03 | |
| Journalist- | Bhopal Bureau | |

**भेल क्षेत्र की सड़कें बदहाल: रहवासियों की शिकायत के बाद भी नहीं सुधार रहे**

# रोड मेंटेनेंस पर 4 करोड़ खर्च, फिर भी जगह-जगह गड्ढे, चलना मुश्किल

पत्रिका ZOOM रिपोर्टर
patrika.com

पत्रिका ZOOM ग्राउंड रिपोर्ट

**भेल.** भेल इलाके की सौ किमी से ज्यादा की सड़कों के मेंटीनेंस पर चार करोड़ रुपये बजट खर्च हो गया, बावजूद इसके भेल की बदहाल सड़कों की सूरत नहीं सुधर सकी। गोविंदपुरा और शक्तिनगर सहित अन्य इलाके की सड़कें बदहाल हैं। स्थानीय रहवासियों ने बताया कि सड़कों का मेंटीनेंस लंबे समय से नहीं कराया गया है जिससे रहवासी हिचकोले खाने को मजबूर हो रहे हैं इससे ना केवल आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रहीं हैं बल्कि वाहनों की भी क्षति हो रही है। गौरतलब है कि भेल टाउनशिप इलाके में आने वाली सौ किमी. से ज्यादा की सड़कें भेल प्रबंधन के पास ही है। इनका भेल टाउनशिप के डेवलपमेंट फंड के तहत मेंटीनेंस कराया जाता है। जिसके तहत वर्ष 2023 में 4 करोड़ का बजट सड़कों के मेंटीनेंस पर बजट खर्च किया।





**दावा: एक दर्जन से अधिक सड़कें सुधारी गईं**

भेल प्रबंधन का दावा है कि भेल टाउनशिप के अंदर एक दर्जन से अधिक सड़कों का भेल प्रबंधन मेंटीनेंस कराया गया है। जिन सड़कों का मेंटीनेंस अभी नहीं हो पाया है नए वित्तीय वर्ष में नया बजट मिलते ही मेंटीनेंस कराया जाएगा। इसके उलट सड़कों के मेंटीनेंस में देरी के चलते उनकी सूरत और बिगड़ रही है। अब हालत ऐसी है कि दोनों सड़कों में छोटे-बड़े और गहरे गड्ढे हो गए हैं जिनमें थोड़ी सी बारिश में भी सड़कें जलमग्न हो रहीं हैं।

## भेल की ये हैं सड़कें

भेल प्रबंधन के मुताबिक भेल टाउनशिप की सिक्योरिटी से लाइन से लेकर सुभाष नगर विश्राम घाट तक, बरखेड़ा मार्केट की सड़कें, गोविंदपुरा एंट्री से अवधपुरी, पिपलानी पेट्रोल पंप से महात्मा गांधी चौराहा, अन्ना नगर से कस्तूरबा अस्पताल तक सहित अन्य सड़के बदहाल हैं जिनके बेहतर मेंटीनेंस के लिए अच्छे खासे बजट की जरूरत है।

## लगातार बढ़ रहा ट्रैफिक

भेल की सड़कों में ट्रैफिक दवाब कम था, क्योंकि इनसे केवल भेलकर्मी ही आवागमन करते थे, लेकिन बाद में अवधपुरी, इंदपुरी सहित खजुरीकलां की नई कॉलोनियां बनकर डेवलप हुईं जिससे इन ट्रैफिक दवाब और बढ़ गया

टाउनशिप डेवलपमेंट के बजट के तहत से पिछले वर्ष भी मेंटीनेंस कराया गया है नए वित्तीय वर्ष में बजट मिलते ही जर्जर सड़कों को चिन्हित कर मेंटीनेंस कराया जाएगा।
**विनोवानंद झा**, प्रवक्ता, भेल भोपाल यूनिट